<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>29.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे</u>

''आज के मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज प्रस्तावित अटल टनल रोहतांग दौरा खराब मौसम के चलते रद्द–कल पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में करेंगी शिरकत।
- प्रदेश की तीन हज़ार 754 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होगा मतदान–राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू।
- नगर निकायो में चुनावों के लिए आज से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू।
- कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की एक सौ 12 हैक्टेयर ज़मीन पर्यटन गांव बनाने के लिए स्थानांतरित करने संबंधी राज्य सरकार याचिका को उच्चतम न्यायालय ने किया खारिज।
- प्रदेश में मौसम के बदलाव से बढ़ती गर्मी से मिली हल्की राहत–आज कुछ भागों में तेज हवाओं के साथ वर्षा और ओलावृष्टि की संभावना।

<u>राष्ट्रपति</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज प्रस्तावित अटल टनल रोहतांग का दौरा खराब मौसम को देखते हुए रद्द कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में लगातार बिगड़ते मौसम, तेज़ हवाओं और संभावित वर्षा व बर्फ़बारी के मद्देनज़र सुरक्षा कारणों से ये निर्णय लिया गया है। राष्ट्रपति अपने हिमाचल प्रवास के दौरान आज अटल टनल रोहतांग का निरिक्षण और सीमा सड़क संगठन के अधिकारिओं के साथ संवाद करने वाली थी। उनका कल पालमपुर स्थित कृषि महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने का कार्यक्रम है। कांगड़ा जिला के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है।

<u>चुनाव</u>

प्रदेश की तीन हज़ार 754 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में वोट डाले जायेंगे। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने शिमला में चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि इन चुनावों के लिए 7, 8 और 11 मई को नामांकन दाखिल होंगे जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उन्होंने बताया कि 14 व 15 मई को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

चुनाव–2

51 नगर निकायों में चुनावों के लिए आज से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो रही है, जो 2 मई तक चलेगी। 4 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी जबकि 6 मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। चार नगर निगमों सोलन, मंडी, धर्मशाला व पालमपुर समेत 47 नगर

पंचायत और नगर परिषदों में 17 मई को वोट डाले जायेंगे। इस बीच चम्बा जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने मतदाताओं से 17 मई को अपने मत का प्रयोग करने की अपील की है।

चुनाव–3

इस बीच प्रदेश कांग्रेस चुनाव समीति ने नगर–निगम चुनावों को लेकर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के संगठन महामंत्री विनोद जिंगटा ने बताया कि धर्मशाला नगर–निगम के 8 वार्डों और सोलन नगर–निगम के एक वार्ड के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। वहीं भाजपा ने भी सोलन नगर निगम में 17 में से 14 वार्डों में अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

याचिका खारिज

चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की एक सौ 12 हैक्टेयर ज़मीन पर्यटन गांव बनाने के लिए स्थानांतरित करने संबंधी राज्य सरकार याचिका को सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने भी सरकार के इस निर्णय पर स्टे लगाया था और इस स्टे को खारिज करवाने के लिए राज्य सरकार ने पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ ने इस निर्णय के लिए उच्चतम न्यायालय का आभार जताया है।

पीपल जातर

कुल्लू में इन दिनों पीपल जातर मेले की धूम है। तीन दिनो तक चलने वाले पीपल मेले का पिछले कल देवता गौहरी की भव्य शोभायात्रा के साथ ही विधिवत रूप से आगाज हुआ। प्राचीन काल में इस मेले को राय री जाच कहा जाता था और अब इसे बसंतोत्स्व के नाम से जाना जाता है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता आशीष शर्मा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी बादल छाये हुए हैं और कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने का समाचार है। मौसम के इस बदले मिजाज़ से बढती गर्मी से लोगों को हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों तक मौसम खराब बना रहेगा। जबकि विभाग द्वारा आज अधिकांश भागों में तेज़ हवाएं चलने और वर्षा के साथ ओलावृष्टि की सम्भावना जताई है। वहीं कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला में आज खराब मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने पंचायत चुनाव की घोषणा की खबरों को प्रमुखा से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला और दिव्य हिमाचल की लगभग एक जैसी सुर्खी है–हिमाचल में पंचायत चुनाव का बिगुल बजा, 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होगा मतदान।

पंजाब केसरी ने लिखा है–आचार संहिता लागू प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के मतों की गणना होगी चुनाव के तुरंत बाद , पचायत समिति व जिला परिषद के मतों की गणना 31 मई को।

दैनिक जागरण लिखता है–चार माह विलंबः....अंततः होंगे पंचायत चुनाव

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–प्रत्याशी चयन में युवा चेहरों को दी जाएगी तवज्जो।

मौसम पर दैनिक भास्कर की खबर है–लाहौल में बर्फबारी व 11 जिलो में तेज हवा के साथ बारिश से 12 डिग्री तक गिरा तापमान 4 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अंधड़ के साथ बारिश के आसार

———————————————————————